## तापमान

**पटना**
MAX: 29.0, MIN: 25.0

**रांची**
MAX: 28.0, MIN: 23.0

**जयपुर**
MAX: 32.0, MIN: 26.0

**लखनऊ**
MAX: 30.0, MIN: 26.0

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत

**भभुआ:** कैमूर जिले में दुर्गावती थाना क्षेत्र में कार पलटने से पांच लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की देर रात कार पर सवार लोग वाराणसी से लौट रहे थे तभी भेरिया गांव के निकट राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 2

पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पुल के नीचे गिर गयी। इस दुर्घटना में कार पर सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के कुरई गांव निवासी सूरज सिह (22), बरेज गांव निवासी राहुल सिह (24), दुर्गावती थाना क्षेत्र के दुर्गावती गांव निवासी भवानी सिह (32), रामगढ़ थाना क्षेत्र के जमुरना गांव निवासी पंकज सिह (33) तथा रौशन सिह (35) के रूप में की गयी है।

### कोडरमा: बंद खदान में मिला महिला व तीन बेटों के शव

**कोडरमा :** झारखंड के कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र की नावाडीह पंचायत में एक बंद पत्थर खदान से महिला और उसके तीन बेटों की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान गरगडीहा निवासी उमेश यादव की पत्नी गुड़िया देवी (35) और उसके तीन पुत्रों छोटू कुमार (3), सूर्या कुमार (8) और शिवम कुमार (6) के रूप में हुई है।

### एनआईए की हिट लिस्ट में शामिल अपराधी को रांची पुलिस ने दबोचा

**रांची :** झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। रांची और लातेहार जिले की पुलिस ने एनआईए की हिट लिस्ट में शामिल अपराधी को दबोचा है। अभियुक्त अमन साव गिरोह का गुर्गा है, जिसे पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में रांची के बोरिया इलाके से दबोचा है। फिलहाल रांची और लातेहार पुलिस ने अपराधी को किसी गुप्त स्थान पर रखकर उससे पूछताछ कर रही है। ताकि उसके बाकी साथियों की भी गिरफ्तार कर सके।

### झारखंड के दो शहरों से जल्द उड़ेंगी फ्लाइट्स

**रांची :** झारखंड में दो नए हवाईअड्डे बनकर लगभग तैयार है। इस साल के अंत तक देवघर और बोकारो के लोगों को हवाईयात्रा की सुविधा मिलने लगेगी। जहां अत्याधुनिक हवाईअड्डा करीब-करीब तैयार है और यहां से जल्द ही उड़ान की सुविधा भी शुरू हो जाएगी।

### वीआईपी यूपी में लगाएगी फूलन देवी की प्रतिमा

**पटना:** उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा के चुनाव में बिहार में राजग के घटक विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर फूलन देवी की शहादत दिवस के मौके पर 25 जुलाई को 18 प्रमंडल में प्रतिमा लगाने की तैयारी में है। वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मुकेश सहनी ने मंगलवार को बताया कि 25 जुलाई को उत्तर प्रदेश के 18 प्रमंडल में फूलन देवी के शहादत दिवस के मौके पर प्रतिमा लगाया जाएगा। फूलन देवी की सभी प्रतिमा सहनी के पटना स्थित सरकारी आवास पर तैयार की जा रही है।

# श्रावणी मेला में प्रवेश निषेध

**दुमका :** वैश्विक महामारी कोराना संक्रमण के सम्भावित तीसरी लहर से बचाव के मद्देनजर केन्द्र और राज्य सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में इस बार भी बाबा बैद्यनाथ धाम और बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रावणी मेला का आयोजन नहीं होगा। संताल परगना प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल ने मंगलवार को झारखंड एवं बिहार के सीमावर्ती जिले के वरीय पलिस अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में कहा कि कोराना संक्रमण से बचाव के मद्देनजर केंद्र और राज्य सरकार ने प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बैद्यनाथ धाम और बाबा बासुकीनाथ धाम स्थित मंदिरों में सावन महीने में लगने वाले श्रावणी मेला में लोगों का प्रवेश निषेध रखने का निर्देश दिया है। मंडील ने कहा कि सरकार के आदेश के आलोक में संताल परगना के इन दोनों तीर्थ स्थानों पर लोगों की भीड़ नहीं जुटे इसका व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले में सघन प्रचार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जब तक केंद्र और राज्य सरकार द्वारा मंदिर खुलने और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश की अनुमति से संबंधित कोई नया दिशा निर्देश नहीं आता है तब कोई भी श्रद्धालु इन तीर्थ स्थलों पर आने से बचें और घर में ही बाबा भोलेनाथ की अराधना करें।

## बिहार: बकरीद में सामूहिक नमाज व शिवालयों में पूजा पर लगी रोक

**पटना:** देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच बिहार सरकार ने एक बार फिर से सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। नीतीश कुमार ने सावन और बकरीद जैसे मौकों पर लोगों की भीड़ न हो इसके लिए सख्त नियम बनाए हैं। इन नियमों के तहत बकरीद के मौके पर जहां लोग सामूहिक रूप से नमाज नहीं पढ़ सकेंगे तो वही सावन के महीने में शिवालयों में होने वाली पूजा पर भी रोक लगाने का फैसला किया गया है। दरअसल, बिहार में कोरोना के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन बिहार सरकार की पूरी कोशिश है कि इसे फिर से सामूहिक रूप से फैलने न दें।

बकरीद को लेकर पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह ने पुलिस अधीक्षक और तमाम पदाधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की। बैठक के बाद निर्देश जारी करते हुए डीएम ने बताया कि कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए बकरीद की नमाज सिर्फ घरों में ही पढ़ी जा सकती है। किसी भी ईदगाह या मस्जिद में नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं होगी। बकरीद के मौके पर किसी भी सार्वजानिक समारोह पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

## जदयू नेता व उसके 2 साथी हथियार के साथ गिरफ्तार

**गया:** गया में जदयू के खेल प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अनिश कुमार और उसके 2 साथियों को पुलिस ने हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गांव वालों से मिली शिकायत पर पुलिस ने अनिश कुमार के बिहारी रेस्टोरेंट पर देर रात छापेमारी कर दो कट्टा व 7 कारतूस बरामद की।

प्रशिक्षु डीएसपी राजेश ने बताया कि पहले ही विवादित जमीन पर पुलिस ने निर्माण कार्य नहीं कराने का आदेश दिया था। सोमवार देर रात अनिश कुमार और उसके सहयोगियों की ओर से जमीन पर निर्माण कराने की जानकारी मिली। इसके बाद वहां छापेमारी की गई तो पुलिस ने अनिश और उसके दो सहयोगियों को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

इधर, लोगों का कहना है कि पकड़ा गया मुख्य आरोपित अनिश कुमार मानपुर इलाके के संपन्न घराने से ताल्लुक रखता है। उसके परिवार की राजनीति व प्रशासनिक गलियारे में गहरी पैठ मानी जाती है। अनिश ने रेस्टोरेंट खोला है। उसी इलाके में उसने जमीन भी खरीदा है। इसी जमीन पर दूसरा पक्ष भी दावा करता आ रहा है, जिस कारण जमीन विवादित हो गई है। कुछ दिन पहले अनीश अपने सहयोगियों के साथ इसी जमीन पर बाउंड्री कराने में जुटा था।

## रेल टिकट कालाबाजारी कंपनी संचालक गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची में गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेलवे की अपराध खुफिया ब्यूरो (सीआईबी) ने टिकट की कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया है। रेलवे को सूचना मिली थी कि गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड में एक ट्रैवल कंपनी अवैध तरीके से रेलवे टिकटों की कालाबाजारी कर रही है।

संदेह के आधार पर सोमवार शाम सुकुमार टूर एंड ट्रैवल्स नामक एजेंसी में छापा मारा गया। जांच के क्रम में एजेंसी के कम्प्यूटर में रेल टिकटों की हेराफेरी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ट्रैवल्स एजेंसी से पूछताछ में आरपीएफ व टीम को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस दौरान 3738 रुपये के तीन तत्काल टिकट और 18,874 रुपये के पुराने आरक्षित टिकट एजेंसी कार्यालय से बरामद किये गये। आरपीएफ ने एजेंसी संचालक सुकुमार डांग को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एजेंसी कार्यालय से एक कम्प्यूटर, एक सीपीयू, एक प्रिंटर और एक मोबाइल को जब्त किया। अवैध रेलवे टिकटों की कालाबाजारी के आरोप में रांची आरपीएफ थाना में एजेंसी संचालक के खिलाफ रेलवे अधिनियम के दंडनीय अपराध के तरत मामला दर्ज किया गया है।

## शिव-पार्वती मंदिर तोड़ने से गुस्साए ग्रामीण, जमकर मारपीट की

**गिरिडीह :** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह आम बगान के पास स्थित सौ साल पुराने शिव-पार्वती मंदिर को सत्यनारायण वर्णवाल और बबलू वर्णवाल ने जब जेसीबी लगाकर तोड़ने की कोशिश की, तो नाराज ग्रामीणों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी।

मंदिर तोड़े जाने की खबर जैसे ही इलाके में फैली, गांव के सैकड़ों लोग वहां जुट गए और दोनों को कोसने लगे। हांलाकि मंदिर तोड़ रहे वर्णवाल परिवार ने स्थानीय लोगों को बताया कि वो जीर्ण शीर्ण हो चुके मंदिर के दोबारा निर्माण के इरादे से मंदिर को तोड़ रहे थे, लेकिन इस बात पर विश्वास न करते हुए ग्रामीणों ने मिलकर मंदिर संचालन के लिए एक कमेटी भी बना डाली। मंदिर के लिए हुई ग्रामीणों की बैठक में स्थानीय वार्ड पार्षद, जमीन करोबारी समेत अन्य प्रतिष्ठित स्थानीय लोग उपस्थित हुए। मंदिर जिस जगह है, उस जमीन के मालिक सत्यनारायण वर्णवाल और बबलू वर्णवाल से

कमेटी ने सुलहनामे पर हस्ताक्षर करवाए। मंदिर तोड़ने वाले परिवार ने छह महीने के भीतर उसी जगह पर भव्य मंदिर निर्माण करवाने की बात कही, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

## सरकार पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में कमी कर दे सकती है राहत : मांझी

**पटना:** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने भी मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में कमी कर जनता को राहत दे सकती है।

मांझी ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान आम जनता को राहत देने पर विचार करने के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिए गए आश्वासन के बाद मंगलवार को ट्वीट किया कि पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि का असर सभी चीजों पर पड़ता है।

ईंधन के दाम बढ़ने से महंगाई आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि आम लोगों से जुड़े इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को चिंता करना बहुत जरूरी है।

## यूपीए सरकार में 9 हजार फोन और 500 ईमेल खातों की निगरानी होती थी

### भाजपा ने कहा

**पटना:** सोमवार से संसद का मानसून सत्र शुरू हो गया है और इस सत्र को 'द पेगासस प्रोजेक्ट' की रिपोर्ट ने हंगामेदार बना दिया है। भाजपा इस मामले में बचाव की मुद्रा में दिख रही है। लिहाजा पार्टी के नेता दिल्ली से लेकर प्रदेश स्तर तक इस मामले पर सफाई पेश कर रहे हैं। मंगलवार को पटना में प्रदेश पदाधिकारी नीतीश मिश्रा ने पेगासस मामले पर पार्टी का पक्ष रखा।

नीतीश मिश्रा ने एमनेस्टी जैसी संस्थाओं का एजेंडा ही भारत विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने उनसे कानून के अनुसार उनके विदेशी फंडिंग के बारे में पूछा तो उन्होंने भारत से अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया। भाजपा ने इस पूरी रिपोर्ट के पीछे कांग्रेस की राजनीति करार दी है। पूर्व मंत्री ने विपक्षी दलों पर 'सुपारी एजेंटों के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने 2013 की एक आरटीआई जवाब का हवाला देते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस की यूपीए सरकार द्वारा हर महीने लगभग 9,000 फोन और 500 ईमेल खातों की निगरानी की जाती थी। वॉशिंगटन पोस्ट के 'द पेगासस प्रोजेक्ट' नाम से जारी जांच रिपोर्ट को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है। इस रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारत सरकार इजराइली सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर कई पत्रकारों, नेताओं की जासूसी कर रही है। सरकार को घिरा देख भाजपा इसे लेकर बचाव में उतर आई है।

## बीडीओ के बाद अब रामगढ़ में आशिकी में पिटे दारोगाजी

रामगढ़ : झारखंड में सरकारी कर्मचारियों की आशिकी आजकल सुर्खियों में है। चतरा में बीते दिन इश्कबाज बीडीओ की पिटाई का मामला लोग भूल नहीं पाए थे कि अब रामगढ़ के दरोगाजी आशिकी में हवालात में पहुंच गए। पतरातू थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात इश्क फरमाने प्रेमिका के घर पहुंचे दारोगाजी पकड़ लिए गए, जिसके बाद लोगों ने उनकी जमकर पिटाई की। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें थाने ले आई। वहीं स्टाफ का मामला सामने आते ही पुलिस ने मामला रफा-दफा करने की कोशिश की तो महिलाओं ने घेराव कर अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दरअसल, धनबाद जिले में पदस्थापित दारोगा सत्येंद्र पाल देर रात अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 से 29 अगस्त के बीच फिर यूपी दौरे पर होंगे राष्ट्रपति

**लखनऊ :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक बार फिर से उत्तर प्रदेश के दौरे पर होंगे। इस बार उनकी यात्रा में नाथ संप्रदाय के सबसे बड़े केंद्र गोरखपुर और रामनगरी अयोध्या भी शामिल है। राष्ट्रपति भवन से अभी अधिकारिक प्रोटोकॉल नहीं आया है। सूचना मिली है कि 27 से 29 अगस्त के बीच राष्ट्रपति यूपी आएंगे। वे प्रेजिडेंशियल एक्सप्रेस ट्रेन से आएंगे। उनके संभावित यूपी दौरे को लेकर रेलवे प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।

### 30 को मोदी करेंगे प्रदेश के 09 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण

**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ शिवकुमार ने बताया कि 30 जुलाई को सिद्धार्थनगर से जौनपुर सहित प्रदेश के 9 मेडिकल कॉलेजों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पण करेंगे। प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 30 जुलाई को प्रदेश के सिद्धार्थनगर में आ रहे हैं और वहीं से प्रदेश के सिद्धार्थनगर सहित 9 नए मेडिकल कॉलेजों क्रमशः जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया, मिर्जापुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, हरदोई और एटा का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में अगस्त के दूसरे सप्ताह से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की कक्षाएं चलना शुरू हो जाएंगी।

### सड़क हादसे में तीन मौसेरे भाइयों की मौत

**मथुरा :** जिले के कोसीकलां क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई। घटना सोमवार रात 12 बजे की है। हरियाणा के पलवल के रहने वाले 3 लोग वीरपाल, राकेश और ब्रजेश मथुरा के बठैन गांव में रिश्तेदारी में गए थे। तीनों वहां से अपना काम निपटाने के बाद वापस दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ आ रहे थे। तभी उनकी तेज रफ्तार कार इस हादसे की शिकार हो गई। इस दौरान कार सवार वीरपाल (35), राकेश (28) और ब्रजेश (35) तीनों की मौत हो गई।

### बेटे के सामने मां को ट्रक ने कुचला, दर्दनाक मौत

**सिरोही :** जिले के स्वरूपगंज के रीको एरिया क्षेत्र में तेज रफ्तार में एक ट्रक ने बेटे के साथ बाइक से जा रही महिला को टक्कर मारी दी, जिससे वह बीच सड़क पर जा गिरी। बेटे के सामने ट्रक उसे रौंदता हुआ निकल गया। महिला के अंगों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। महिला की मौत इतनी दर्दनाक हुआ की पुलिस को उसके शव के टुकड़ों को इकट्ठा कर चादर में बांधकर ले जाना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक, नदिया गांव की रहने वाली गीता पत्नी बगाराम हीरागर अपने बेटे सुरेश के साथ मंगलवार को देलदर की ओर जा रही थी। स्वरूपगंज के रीको एरिया क्षेत्र में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और यह भयावह हादसा हुआ। घटना के बाद से घातक ट्रक चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

# पुलिस इंस्पेक्टर से कार छीनकर फरार हुए बदमाश

## विपक्ष ने गहलोत सरकार को घेरा

**जयपुर :** राजस्थान के सीकर जिले में रात ढाई बजे एक ढाबे पर खाना खा रहे जयपुर कमिश्नरेट में पश्चिम जिले के डीएसटी टीम प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र खींचड़ की कार कुछ बदमाश फायरिंग कर लूट ले गए। इससे पहले बदमाशों ने इंस्पेक्टर से कार की चाबी मांगी थी। हेड कांस्टेबल मनेंद्र सिंह ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी और गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गएं। सूचना के बाद रानोली थाना पुलिस और स्पेशल टीम को बदमाशों को पकड़ने के लिए लगाया गया है।

एसपी कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि देर रात की घटना के लिए नाकाबंदी करवा दी गई है। बदमाशों की जानकारी जुटाई जा रही है। उनके पहचान करने के लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है। बदमाशों की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगी है।

उसके आधार पर पुलिस टीमें उनका पीछा कर रही हैं। वहीं हेड कांस्टेबल मनेंद्र सिंह को गोली लगने के बाद जयपुर ले जाया गया है। जहां उनकी हालत में सुधार है।

दूसरी तरफ इस घटना को लेकर विपक्ष मुखर हो गया है और गहलोत सरकार को घेर रहा है। राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण बेखौफ बदमाशों की हिमाकत इस कदर बढ़ गई है कि अब पुलिस भी सुरक्षित नहीं रही। उसे भी सुरक्षा की दरकार है। लुटेरों के निशाने पर आमजन के साथ ही अब पुलिस भी आ गई है।

दो अज्ञात बदमाश एक पुलिस निरीक्षक से कार लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने इस दौरान एक हैड कांस्टेबल पर गोली चलायी, जो उनके पेट में लगी है।

यह घटना सीकर के रानोली में सोमवार देर रात करीब ढाई बजे हुई। एक निजी कार में सवार पुलिस निरीक्षक नरेंद्र खीचड़ और हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह एक ढाबे में खाना खाने रुके थे।

सीकर के पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि जैसे ही दोनों पुलिस वाले ढाबे में घुसे वहां चाय पी रहे बदमाशों ने उनसे चाबी मांगी। पुलिस वाले सादे कपड़ों में थे और जब महेंद्र सिंह ने विरोध किया तो एक बदमाश ने उनपर गोली चला दी और चाबी छीनकर, कार लेकर फरार हो गए।

घटना में हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह के पेट में गोली लगी है। उनकी सर्जरी की गई है और उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। वहीं, खीचड़ जयपुर पूर्व की जिला विशेष टीम डीएसटी के प्रभारी हैं।

अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की पहचान व तलाश के लिए कई टीमें बनाई गई हैं।

वहीं मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने इसे राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद होने का उदाहरण बताया। उन्होंने ट्वीट किया, ''लीजिए; मुख्यमंत्री जी अपराधियों के हौंसले की बुलन्दी का उदाहरण; अब तो कानून के रक्षक पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं; तो आम आदमी कैसे स्वयं को महफूज समझे।''

## पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तबीयत अस्थिर, राज्यपाल आनंदीबेन देखने पहुंचीं

**लखनऊ :** लखनऊ स्थित संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के राज्यपाल रह चुके कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर उनपर लगातार नजर रखे हुए हैं। सोमवार की देर रात से उनकी हालत काफी बिगड़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार अगले 24 घंटे काफी अहम हैं। मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उनसे मिलने एसजीपीजीआई पहुंचीं। वहां उन्होंने कल्याण सिंह से भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछा। राज्यपाल ने संस्थान के डॉक्टरों से भी उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

मंगलवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक कल्याण सिंह की स्थिति पहले जैसी ही अस्थिर बनी हुई है। शनिवार शाम को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद कल्याण सिंह को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया।

## शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों ने सीएम आवास को घेरा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 69000 पदों पर चल रही शिक्षक भर्ती का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों को दरकिनार करने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभ्यर्थी मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास के पास पहुंच गए। अभ्यर्थी सीएम आवास जाने के लिए डटे थे। लेकिन पुलिस के प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस बीच कुछ वहीं, सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगें।

यह देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। करीब 6 अभ्यर्थी घायल हुए। जिनका इलाज करवाया गया है। इस प्रकरण पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने योगी सरकार पर तंज कसा है और कहा, 'आरक्षण घोटाले के खिलाफ हक की लड़ाई लड़ रहे पीड़ित छात्रों की मांग सुनने की बजाय हजारों ओबीसी और एससी सीटों को लूटने वाली योगी सरकार उन पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करवाती है, जो निंदनीय है।

## लखनऊ के 45 अस्पतालों में छापा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चल रहे निजी अस्पतालों में बड़े पैमाने पर मनमानी और मानकों की अनदेखी कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। लखनऊ जिला प्रशासन ने एक साथ 45 निजी अस्पतालों पर छापेमारी की तो इलाज के नाम पर लोगों की जिंदगी से हो रहे खिलवाड़ की सच्चाई सामने आ गई। किसी अस्पताल में जांच टीम को डॉक्टर नहीं मिले तो किसी अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में दवा की जगह बीयर की बोतलें मिली, ज्यादातर अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के ही चल रहे थे। बड़े पैमाने पर मिली नियमों की अनदेखी और लापरवाही पर 29 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग और लखनऊ जिला प्रशासन की 6 टीमों ने छापेमारी की तो ज्यादातर अस्पतालों के पास लाइसेंस ही नहीं मिला, किसी का लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था तो किसी अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे।

## झालवाड़ा में युवक की पिटाई के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़की

### तीन ब्लॉक में इंटरनेट सेवा निलंबित

**कोटा :** झालावाड़ा में दो समुदायों के युवाओं के बीच हुई झड़प के बाद आगजनी और लूट की घटनाओं के चलते जिले के तीन ब्लॉक में इंटरनेट सेवा 24 घंटे के लिए बंद कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि मुस्लिम और सोंध्या राजपूत समुदाय के युवाओं के बीच कुछ व्यवसायिक मुद्दे को लेकर हुई झड़प के कुछ घंटे बाद सोमवार रात को यह हिंसा हुई। देर रात बेकाबू भीड़ ने पुलिस के वाहनों पर भी पत्थरबाजी की। आरा मशीन को आग के हवाले कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देख एसपी किरण कंग मौके के लिए रवाना हुई। इधर संभागीय आयुक्त केसी मीणा ने गंगधार, भवानीमंडी और पिड़ावा उपखंड के सीमाई क्षेत्रों में सोमवार रात 12 बजे से 21 जुलाई आधी रात तक के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए। ताकि सोशल मीडिया के माध्यम से भड़काऊ अफवाह पर रोक लगाई जा सके।

वहीं, पुलिस ने हिंसा भड़काने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 200 लोगों के विरुद्ध 4 मामले दर्ज किये हैं। ज्यादातर आरोपी अज्ञात हैं। पुलिस ने कहा कि अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि 38 को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को तलावली निवासी जितेंद्र झाला, गंगधार में एक आरामशीन पर लकड़ी लेने गया था। जहां उसकी आरा मशीन संचालक सलमान से बहस हो गई। उस समय तो मामला शांत हो गया। बाद में आरा मशीन संचालक सलमान ने कुछ साथियों के साथ मिलकर तलावली के समीप जितेंद्र सिंह के साथ मारपीट कर दी। जितेंद्र से मारपीट की सूचना कस्बे में आग की तरह फैल गई और कई लोगों की भीड़ ने थाने का घेराव किया।

आरोपियों के गिरफ्तारी के बाद दूसरे पक्ष के लोग भी बड़ी संख्या में वहां पहंपच गए और एक-दूसरे पर हमलावर हो गए। मामले की गंभीरत को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से मामले को संभाला और सख्ती बरती।

**ई-नीलामी - स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड (लिक्विडेशन में)**

हेतु सार्वजनिक उद्घोषणा (इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (लिक्विडेशन प्रोसेस) रेग्युलेशन्स, 2016 के रेग्युलेशन्स 32 तथा 33 अंतर्गत)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सारिणी में निर्दिष्ट विवरण के अनुसार गमन विषय आधार पर, सम्पूर्ण तौर पर कॉर्पोरेट कर्जदार के अधिग्रहण के लिये, लिक्विडेशन में स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड (कॉर्पोरेट कर्जदार) के लिक्विडेटर द्वारा धारित करने हेतु ई-निविदा प्रक्रिया के संबंध में इच्छुक बोलीकर्ताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं. ई-नीलामी प्रक्रिया, ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लिमिटेड नामक ऑनलाइन ई-नीलामी एजेंसी द्वारा वेबसाइट https://ncltauction.auctiontiger.net के जरिये गुरुवार 09.09.2021 को अथवा उसके पश्चात की अन्य ऐसी ही किसी तिथि को जो कि लिक्विडेटर द्वारा बोलीकर्ताओं को सूचित की जायेगी, को पूरी की जायेगी.

संबंधित विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट कर्जदार का नाम | स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट कर्जदार के निगमन की तिथि | 23.03.1985 |
| 3. | प्राधिकारी जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट कर्जदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, मुंबई, (महाराष्ट्र) |
| 4. | कॉर्पोरेट कर्जदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या | L51900MH1985PLC035738 |
| 5. | कॉर्पोरेट कर्जदार के पंजीकृत कार्यालय का पता | 43, अटलांटा, नरीमन प्वाइंट, मुंबई 400 021, महाराष्ट्र |
| 6. | कॉर्पोरेट कर्जदार के लिक्विडेशन की प्रारंभिक तिथि | 11.05.2019 |
| 7. | लिक्विडेटर का नाम, पता, ईमेल पता तथा पंजीकरण संख्या | नाम : डॉ. (एच.सी.) एडवोकेट ममता बिनानी<br>पंजीकरण संख्या : आईबीबीआई/आईपीए-002/आईपी-एन00086/2017-18/10227<br>पता : दूसरी मंजिल, निक्को हाउस, 2 हरे स्ट्रीट, कोलकाता – 700001, पश्चिम बंगाल,<br>प्रोसेस स्पेसिफिक ईमेल आईडी : liquidatorsterlingbiotech@gmail.com<br>आईबीबीआई के साथ पंजीकृत ईमेल आईडी : mamtabinani@gmail.com |
| 8. | नीलामी की आरंभिक तिथि एवं समय | नीलामी आरंभिक तिथि एवं समय : 09.09.2021 को सुबह 11.00 बजे<br>नीलामी समापन तिथि एवं समय : 09.09.2021 को शाम 05.00 बजे |
| 9. | नीलामी प्लेटफॉर्म विवरण | ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लिमिटेड<br>https://ncltauction.auctiontiger.net |
| 10. | कॉर्पोरेट कर्जदार के टीजर का लिंक | बोलीकर्ता इसे कॉर्पोरेट कर्जदार की वेबसाइट http://www.sterlingbiotech.in/liquidation.html से प्राप्त कर सकते हैं. |
| 11. | प्रोसेस दस्तावेज प्राप्त करने की विधि | ई-नीलामी प्रक्रिया के विस्तृत नियम एवं शर्तें प्रोसेस दस्तावेज में निर्दिष्ट किये गये हैं जो बोलीकर्ता द्वारा कॉर्पोरेट कर्जदार की वेबसाइट http://www.sterlingbiotech.in/liquidation.html से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा liquidatorsterlingbiotech@gmail.com पर ईमेल अनुरोध भेजकर प्राप्त किये जा सकते हैं. |
| 12. | बोली जमा करने की विधि | बोली ई-नीलामी प्रक्रिया के जरिये संचालित की जायेगी. ई-नीलामी प्रक्रिया संचालन की विधि कॉर्पोरेट कर्जदार की वेबसाइट पर अपलोड किये गये प्रोसेस दस्तावेज में निर्दिष्ट की गई है तथा प्राप्त की जा सकती है अथवा liquidatorsterlingbiotech@gmail.com पर ईमेल अनुरोध भेजकर प्राप्त की जा सकती है. |
| 13. | बिक्री का माध्यम | बिक्री खुली ई-नीलामी के माध्यम से होगी जहां बोलीकर्ता ओपन विंडो के जरिये उच्चतम बोली का अवलोकन कर सकते हैं. |
| 14. | योग्यता मापदंड तथा समयसीमा तथा ईएमडी सहित अन्य विवरण | कॉर्पोरेट कर्जदार की वेबसाइट पर अपलोड प्रोसेस दस्तावेज में निर्दिष्ट किये गये हैं अथवा liquidatorsterlingbiotech@gmail.com पर ईमेल अनुरोध भेजकर प्राप्त किये जा सकते हैं. |
| 15. | आरक्षित मूल्य तथा बोली वृद्धिशील मूल्य | आईएनआर 548.46 करोड़,<br>बोली वृद्धिशील मूल्य आईएनआर 2 करोड़ रुपये के गुणक में. |

यहां दर्ज विषयवस्तु में से कुछ भी, गमन विषय आधार पर, सम्पूर्